# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ,गाजीपुर–233001
e-mail-ee3edjngp.up@gmail.com, eeupjnrgzp@gmail.com

पत्रांक 1462 / पेपर कटिंग / 37 दिनांक–10.8.2026

सेवा में

गुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय–दैनिक भास्कर सोशल मिडिया न्यूज में अंकित शीर्षक "जल जीवन मिशन का काम एक माह से ठप–अररिया में गड्ढों और जलभराव से ग्रामीणों का आवागमन बाधित" के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आप महोदय को सादर अवगत कराना है कि दैनिक भास्कर सोशल मिडिया न्यूज में अंकित शीर्षक **"जल जीवन मिशन का काम एक माह से ठप–अररिया में गड्ढों और जलभराव से ग्रामीणों का आवागमन बाधित"** की खबर दैनिक भास्कर सोशल मिडिया में दिनांक -05.08.2026 को प्रकाशित हुयी है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा द्वारा सुहवल पुर्नगठन पेयजल योजना का निर्माण कार्य किया जा रहा है। योजनान्तर्गत प्रस्तावित 02 नलकूप पूर्ण, 02 नग पम्प हाउस पूर्ण, शिरोपरि जलाशय 775 किली0/16 मी0 स्टेजिंग का निर्माण कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण, पाइप लाइन बिछाने का कार्य 30.62 कि0मी0 के सापेक्ष 26.40 कि0मी0 पूर्ण एवं गृह जल सयोजन 1850 नग के सापेक्ष 300 नग पूर्ण है। वर्तमान में योजना का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उक्त क्षतिग्रस्त मार्ग के पुर्नस्थापना के कार्य पूर्ण करा दिया गया है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्नक–पुर्नस्थापित मार्ग के फोटोग्राफ

भवदीय

(हस्ताक्षर)
अधिशासी अभियन्ता

<u>ग्राम अड़रियॉ के क्षतिग्रस्त मार्ग के पुर्नस्थापित मार्ग के फोटोग्राफ</u>




